प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## प्रोफेसर ज्योति पलोड़ फैलो ऑफ एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंसेस से सम्मानित

पंतनगर। 03 जुलाई 2023। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड़ को राष्ट्रीय पशु चिकित्सा अकादमी के 21वें दीक्षांत समारोह में फैलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरनरी साइंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड केंद्रीय मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला की अध्यक्षता में गुरु अंगद देव पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना के कुलपति डा. इंद्रजीत सिंह एवं एकेडमी के अध्यक्ष डा. डी.वी.आर. प्रकाश राव द्वारा प्रदान किया गया।

प्रोफेसर पलोड़ को यह सम्मान पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा, शोध कार्यों एवं उनके द्वारा किए गए अन्य कार्यों के लिए प्रदान किया गया। प्रोफेसर ज्योति को इससे पूर्व फेलो ऑफ एनिमल न्यूट्रिशन एसोसिएशन, फेलो ऑफ एनिमल प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट तथा फेलो इन्डियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रोफेसर पलोड़ की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी। डा. ज्योति, वैज्ञानिक एवं तकनीकी पत्रिकाओं के संपादक मंडल के सदस्य के रूप में निरंतर योगदान प्रदान करती रही हैं।




*समारोह में अवार्ड प्राप्त करती डा. ज्योति पलोड़।*


National Academy of Veterinary Sciences (India)

New Delhi

*In Recognition of Significant Contribution for the*

*Advancement of Veterinary Sciences*

Dr. Jyoti Palod

*has been admitted as*

FELLOW

*National Academy of Veterinary Sciences (India)*

*on*

*1st July, 2023*

Maj Gen ML Sharma (Retd)
SECRETARY GENERAL

(DVR Prakash Rao)
PRESIDENT

निदेशक संचार